Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 16/02/2023

प्रकाशनार्थ

**समाजशास्त्र विभाग में फ्रेशर्स पार्टी : छात्र–छात्राओं में दिखा उत्साह**

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के एमए समाजशास्त्र के विद्यार्थियों की ओर से फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन गुरूवार को विभाग के सेमिनार हॉल में किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के द्वारा अलग–अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां उत्साह के साथ दी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभागाध्यक्ष तथा शिक्षकों का तिलक लगाकर स्वागत किया। विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता पाण्डेय ने मिस्टर फ्रेशर संदीप यादव तथा मिस फ्रेशर नितिका सिंह को सम्मानित करते हुए कहा कि हमे गर्व है कि हमने नैक मूल्यांकन में ए प्लस प्लस श्रेणी प्राप्त किया है। जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में लगातार प्रयास करने की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. पाण्डेय ने कहा कि विभागीय परंपरा के अनुरूप मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर विभाग में एक एक पौधा लगाएंगे तथा उसकी देखभाल करेंगे।

कार्यक्रम में विभागीय शिक्षक प्रो. सुभी धूसिया, प्रो. अंजू, डॉ. पवन कुमार, प्रकाश प्रियदर्शी, दीपेन्द्र मोहन सिंह समेत बड़ी संख्या में शोध व परास्नातक के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Mahendra Kumar Singh
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur